दिन– सोमवार  दिनांक– 11/08/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।  अवधिः– 05 मिनट

---

बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर संसद के दोनों सदनों में आज भी कार्यवाही बाधित रही। लोकसभा में जैसे ही कार्यवाही शुरू हुई, विपक्षी सदस्यों ने इस मुद्दे पर चर्चा की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के बार–बार अनुरोध के बावजूद विपक्षी सदस्य हंगामा करते रहे। इसे देखते हुए अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इधर, राज्यसभा में भी एसआईआर के मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी।

———————————————————

एसआईआर मुद्दे को लेकर विपक्षी दलों ने आज संसद से निर्वाचन आयोग के कार्यालय तक विरोध मार्च निकाला। इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव समेत कई सांसदों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। विपक्षी सदस्य बिहार में जारी एसआईआर को तत्काल वापस लेने और चुनाव आयोग के कामकाज में पारदर्शिता की मांग कर रहे थे।

———————————————————

भाजपा ने बिहार में जारी एसआईआर पर सवाल उठाने के लिए कांग्रेस की आलोचना की है। आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों की संवैधानिक संस्थाओं में कोई आस्था नहीं रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को मिल रही लगातार हार ने पार्टी को राजनीतिक रूप से दिवालियेपन की स्थिति में पहुंचा दिया है। श्री प्रधान ने कहा कि बिहार में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान एक नियमित प्रक्रिया है।

———————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि मतदाता सूची में दो जगह नाम रहने पर चुनाव आयोग से मिले नोटिस का वे जवाब देंगे। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि वे संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान करते हैं। श्री सिन्हा ने कहा कि उन्होंने बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची से अपना नाम हटाने के लिए पहले ही आवेदन दे दिया है।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में आयोजित कार्यक्रम से जिले की पांच अलग–अलग सड़क चौड़ीकरण योजना और फ्लाई ओवर के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। सात सौ छिहत्तर करोड़ रुपये से अधिक की राशि से पूरी होने वाली ये योजनाएं पटना के विभिन्न मार्गों से जुड़ी हैं। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन मौजूद थे।

———————————————————————

आज शहादत दिवस है। वर्ष उन्नीस सौ बयालीस में अगस्त क्रांति के दौरान प्रदेश के सात विद्यार्थियों ने शहादत देकर पटना सचिवालय पर तिरंगा लहराया था। इन सात शहीदों की याद में आज पटना स्थित शहीद स्मारक पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्मंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। वहीं, शहीद खुदीराम बोस की शहादत की याद में आज मुजफ्फरपुर स्थित केंद्रीय कारा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

———————————————————————

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिमी चम्पारण, अररिया और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर अत्यंत भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। वहीं, पूर्वी चम्पारण, शिवहर और सुपौल जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है। राज्य के शेष हिस्सों में भी तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना है।

———————————————————————

बेगूसराय के नावकोठी थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर लीलावती का रिश्वत मांगते वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक मनीष ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वीडियो की जांच के लिए गठित कमिटी की रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गयी है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।